यूपी निवासी युवक अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार

पानीपत/कौशिक : सीआईए टू पुलिस ने चौटाला रोड पर गोशाला के पास एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विकास निवासी रधाना मेरठ यूपी के रूप में हुई है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि सूचना के आधार पर उनकी टीम ने चौटाला रोड पर गोशाला के पास से आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि आरोपी विकास के खिलाफ थाना सेक्टर 29 में मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की तो आरोपी ने पुलिस को बताया उसको हथियार रखने का शौक है।

संक्षिप्त समाचार

नम्बरदारों ने हरियाणा दिवस मनाया

लाडवा/शिव लाल चालिया : नम्बरदारों ने विश्राम गृह लाडवा में हरियाणा दिवस मनाया कि इस दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी की आरती से कार्य क्रम का शुभारंभ हुआ। नम्बरदारों ने इस दौरान केक काट कर अपने राज्य के दिवस पर खुशी जाहिर की है। इस दौरान नम्बरदारों के नेता व कांग्रेस में सक्रिय रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के खास समर्थक हरप्रीत सिंह चीमा प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्होंने कहा कि नम्बरदारों को जन सेवा के प्रति सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए क्योंकि वे जनता और प्रशासन के मध्य एक कड़ी का काम करते हैं। वह मासिक बैठक में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस दौरान सुभाषचंद्र, रणदीप गुढ़ा, जंग शेर, संजीव कुमार, समय सिंह, राज बीर, प्रवीण, कर्म सिंह, लाल चंद, महा वीर सिंह राणा बड़तौली, जय पाल और अन्य मौजूद थे।

भाजपा सरकार जैसी कोई सरकार नहीं है : कम्बोज

लाडवा/शिव लाल चालिया : हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर एक बहुत ही लोकप्रिय नेता हैं जिन्होंने हरियाणा राज्य में हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा प्रदान कर राज्य में हरियाणा प्रांत में एकता और भाई चारे की भावना पैदा करने का सच प्रयास किया है। यह कहना है सुखविंदर सिंह कम्बोज का जो लाडवा की विस्तार अनाज मंडी में आढ़ती हैं। सुखविंदर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार जैसी कोई सरकार नहीं है जिसमें जितने जनता के काम हुए हैं इतने काम कांग्रेस सरकार भी अपने शासन काल में नहीं कर सकी है।

चाणक्य स्कूल में करवा चौथ, हरियाणा दिवस मनाय

उचाना/नरेन्द्र जेठी : चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में करवा चौथ, हरियाणा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अलग-अलग कार्यक्रमों मुख्य अतिथि पहुंचे। करवा चौथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सुषमा अत्री पहुंची तो हरियाणा दिवस कार्यक्रम में देवेंद्र अत्री मुख्य अतिथि पहुंचे। मेहंदी, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। सुषमा अत्री ने कहा कि करवा चौथ के व्रत के दिन पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाएं रखती है। देवेंद्र अत्री ने कहा कि देशां में देश हरियाणा जित दूध-दही का खाने की कहावत प्रसिद्ध है। हरियाणा की कुरूक्षेत्र धरा पर भगवान कृष्ण ने गीता का संदेश दिया था। वीरों की धरती हरियाणा है। इस मौके पर प्रिंसिपल अंजू गिजवानी, वाइस प्रिंसिसल ऋतु अत्री, संदीप चहल, ओमप्रकाश, पूजा, अन्नू मौजूद रही।

करवा चौथ पर लगाई गई मेहंदी दिखाते हुए महिलाएं। (छाया : नरेन्द्र जेठी)

कांग्रेस नेता सतीश तेजली ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा को किया किसान रत्न से सम्मानित

यमुनानगर में कांग्रेस नेता सतीश तेजली सांसद दीपेंद्र हुड्डा को किसान रत्न स्मृति चिन्ह देते हुए।

यमुनानगर/ मेहता : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश तेजली के नेतृत्व में रादौर क्षेत्र के किसानों की लड़ाई लड़ने पर युवा सांसद दीपेंद्र हुड्डा का अभिनंदन किया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने उन्हें किसान रतन और देश का लोकप्रिय संसद बताया। श्री तेजली ने कहा कि श्री हुड्डा ने हमेशा किसान, मजदूर व कर्मचारियों की मांगों को प्रमुखता से उठाया है और यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राज्य की जनता कांग्रेस को अपना समर्थन दे रही है ऐसे में साफ है कि आगामी सरकार कांग्रेस की बनना तय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। उन्होंने दावे के साथ कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाएगा और बुढ़ापा पेंशन 6000 रुपए की जाएगी। श्री तेजली ने दावा किया कि कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता के कारण अन्य दलों में खलबली मची हुई है और ऐसा कोई दिन नहीं निकलता जब दूसरे दलों के नेता अपनी पार्टियों को छोड़कर कांग्रेस का दामन ना थाम रहे हो।

डॉ रेनू अग्रवाल, वर्षा गोयल व संगीता गुप्ता बनी करवा क्वीन

करनाल/आशुतोष गौतम। परिचय मिलन एवं जेसीआई करनाल सिटी ने निजी होटल में करवा चौथ एवं दिवाली उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। परिचय मिलन की चेयरपर्सन आरती गर्ग एवं अमिता गर्ग ने आए हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया। जे सी आई करनाल सिटी की लेडीज विंग की चेयरपर्सन सिमरनप्रीत कौर सग्गू ने करवा चौथ एवं दिवाली को ध्यान में रख कर कार्यक्रम की साज सज्जा की। करवा चौथ के स्पेशल अवसर पर सभी महिलाएं लाल वेशभूषा में आई। आरती गर्ग ने बताया कि करवा चौथ हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है यह पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। सुहागिन स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षार्थ इस व्रत का पालन करती हैं।अमिता गर्ग ने सभी सदस्यों को इस बार दिवाली को प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया और इस दिवाली पर बिना पटाखों के पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ रेनू अग्रवाल, वर्षा गोयल एवं संगीता गुप्ता ही करवा क्वीन बनी। करवा क्वीन को चेयरपर्सन आरती गर्ग अमिता गर्ग एवं सिमरनप्रीत द्वारा ताज पहना कर सम्मानित किया।सभी सदस्यों ने बाद में जमकर नाच एवं करवे के गीत गाये। इस मौके पर मोना बिंदल, निशु सिंगला, राधा बंसल, चारु सिंगला, पूजा बंसल, रसमीत चोपड़ा, भूमिका, रेणु सिंगला, राखी गुप्ता, भावना कपूर, सुजाता बिंदल, ,ममता खन्ना आदि मौजूद रहे।

बलात्कार पीड़िता न्याय के लिए भटके व दोषी आजाद घूमे यह अच्छी बात नहीं है : विज

गृहमंत्री ने पुलिस उच्चाधिकारियों को दी नसीहत

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
चंडीगढ़/चंद्र शेखर धरणी

गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने भले ही जनता दरबार लगाने बन्द कर दिए हों, मगर हरियाणा के कोने कोने से उनके घर उम्मीद लेकर जो लोग पहुंचते हैं उन्हें कौन रोके।अनिल विज ने बुधवार को भी अपने निवास पर ऐसे सैंकड़ों लोगों की पीड़ा सुनी व मदद की।यमुनानगर के पुलिस अधीक्षक व सी पी सोनीपत को दो अलग अलग मामलों में उन्होंने पीड़ितों की फरियाद सुन तुरंत फोन किए।अनिल विज ने सी पी सोनीपत व एस पी यमुना नगर से कहा- बलात्कार पीड़िता न्याय के लिए घूमे व दोषी आजाद घूमे अच्छी बात नही है। अनिल विज के पास यमुना नगर व सोनीपत की दो युवतियां अलग अलग अपने अभिभावकों के साथ पहुंची।इनकी आप बीती एक जैसी थी।दोनों ने बलात्कार होने के आरोपों में मुकदमे दर्ज करवा रखे थे।इनके धारा 164 के कलमबद्ध बयान भी

पुलिस करवा चुकी थी।पुलिस द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी न होने पर यह फरियादी बन आज गृह मंत्री के समक्ष पेश हुए। अनिल विज ने पुलिस अधिकारियों को कहा कि जो युवती बलात्कार की शिकार है,पहले ही दुखी हो दोषियों की गिरफ्तारी न होने पर सब जगह आपबीती बताएं अच्छी बात नही है।अनिल विज ने इन दोनों मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश भी दिए। गौरतलब है कि अनिल विज ने पिछले काफी अर्से से जनता दरबार बन्द कर रखा है।पिछले दिनों सरकार ने निर्णय लिया था कि दरबार लगाने के लिए शीघ्र गाइड लाइन्स जारी होंगी।उसके बाद से विज ने दरबार नही लगाया। अनिल विज कहते हैं कि अगर कोई उनके निवास पर पहुंचता है तो वह उससे छुप नही सकते।वह किसी उम्मीद को लेकर आने वालों से भाग भी नही सकते।जो उन तक कोई फरियाद लेकर आएगा,उसकी सुन् मदद करना उनका दायित्व व धर्म दोनों है। उल्लेखनीय है कि जब अनिल विज के दरबार लगते थे तो पूरे हरियाणा से आने वाली भीड़ के कारण तारीखे कैलेंडर पर बदल जाती थी,मगर सुनवाई जारी रहती थी। अनिल विज की अपनी अलग किस्म की जीवन शैली है।वह प्रतिदिन अम्बाला छावनी टी पॉइंट पर अक्सर जाते है।पुराने मित्रों से गुफ्तगू करते हैं।इसी कारण अन्य मंत्रियों की तरह विज ने 2014 में मंत्री बनने के बाद से आज तक चंडीगढ़ में सरकारी कोठी तक नही ली।जो कहना व करना है- उसके लिए बेबाकी का स्टाइल रहता है।

आतंकवाद के खिलाफ मेरी जंग चलती रहेगी : वीरेश

अंबाला/पंकज भाटिया : एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू तख्त के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री एव आयरन लेडी शहीद इंदिरा गांधी के शहीदी दिवस पर अंबाला शहर के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौक पर सैंकड़ो समर्थको के साथ देश के गद्दार व उनके सुरक्षाकर्मी सतवंत सिंह व बेअंत सिंह का पुतला व खालिस्तान के झंडे को आग के हवाले किया। इस मौके पर वीरेश शांडिल्य समर्थकों ने शहीद इंदिरा गांधी के चित्रों सहित भारतीय ध्वज व भारत माता के चित्र, शहीदों के चित्र उठा रखे थे और तमाम सदस्यों के हाथों में पाकिस्तानी,खालिस्तान के विरुद्ध नारो की तख्तियां थी और शांडिल्य व उनके समर्थकों ने इंदिरा गांधी अमर रहे, भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद, व सतवंत सिंह बेअंत सिंह के मुर्दाबाद व खालिस्तान व पाकिस्तान के मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही वीरेश शांडिल्य के नेतृत्व में सैंकड़ो सदस्यों ने नारे लगाए देश की रक्षा करना सीखो, जीना है तो मरना सीखो। इस मौके पर दिनेश गॉड, गौरव गोयल, साहिल कक्कड़, मुकुल गोयल, राजन , हरिश अरोड़ा, मनीष पाशी, परमजीत सिंह टिंकू, दीपक नटराज, गुलसन गुलाटी, रोबिन, अजय अज्जू, राजीव भाटिया, मोहित धीमान, संदीप नटखट, विपिन बादल, कमल गुलाटी, रोबिन हन्नी, हर्ष शर्मा, कमल शर्मा, राजीव शर्मा सहित भारी तादाद में शांडिल्य समर्थक माजूद थे।

जब 2014 में सी एम मनोहर लाल ने सत्ता संभाली तो प्रदेश निराशा, भाई-भतीजावाद और क्षेत्रवाद की चपेट में था : तरुण भंडारी

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
चंडीगढ़/चंद्र शेखर धरणी

हरियाणा सरकार में पब्लिसिटी एडवाइजर तरुण भंडारी ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार के 9 साल बेमिसाल रहें हैं।देश के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 2 नवम्बर को करनाल में इसी उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम को संबोधित करने आ रहे है।हरियाणा सरकार द्वारा 2 नवंबर को करनाल में अंत्योदय महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह महासम्मेलन हरियाणा में आए उस बदलाव का प्रतीक है, जिसका संकल्प मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2014 में जनसेवा का दायित्व ग्रहण करने पर लिया था।

तरुण भंडारी ने कहा कि सी एम मनोहर लाल के नेतृत्व में 26 अक्टूबर 2014 को यह विकास यात्रा शुरू हुई थी जो 9 वर्ष के बाद यहां तक पहुंची है, 25 दिसम्बर के दिन को हमने प्रति वर्ष सुशासन दिवस के तौर पर मनाने की शुरुआत की है, वर्ष 2014 में जब हमारी वर्तमान हरियाणा सरकार ने व्यवस्था संभाली थी उस समय हरियाणा में भेदभाव का माहौल था, भाजपा सरकार ने सुशासन की दिशा में बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में वर्ष 2014 तक निराशा का वातावरण बना था जिसके बाद ही प्रदेश की जनता ने भाजपा को मौका दिया। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल %हरियाणा एक हरियाणवी एक% के सिद्धांत पर सफलतापूर्वक कार्य कर रहे है। तरुण भंडारी का कहना

है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में सुधार लाने के विजन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के दर्शन से प्रेरित होकर सामाजिक न्याय संपूर्ण विकास की अवधारणा पर चलते हुए प्रदेश में समाज कल्याण का नया युग का सूत्रपात किया, आज सरकारी सेवाओं में योजनाओं के लाभ घर बैठे मिलने सुनिश्चित हुए, परिवार पहचान पत्र के जरिए 45 लाख परिवारों को 397 योजनाओं और सेवाओं का घर बैठे लाभ दिया जा रहा है, बी.पी.एल. राशन कार्ड की वार्षिक आय सीमा एक लाख 20 हजार रूपए वार्षिक से बढ़ाकर एक लाख 80 हजार रूपए वार्षिक की गई है, सामाजिक सुरक्षा बुढ़ापा पेंशन 2750 रुपये मासिक पूरे देश में सर्वाधिक की है। वर्ष 2014 में लिंगानुपात 871 था जो %बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ% अभियान से बढ़कर 932 हो गया है, डीबीटी के माध्यम से 12 लाख किसानों के खाते में फसल खरीद के अब तक लगभग 80 हजार करोड़ रुपये डाले गए हैं, 30 लाख परिवारों को पांच लाख रुपये तक का सालाना मुफ्त इलाज %आयुष्मान चिरायु कार्ड योजना% के माध्यम से दिया जा रहा है, हरियाणा के लगभग 25 लाख से अधिक परिवारों को लाल डोरा से मुक्ति दिलाकर उनके घर का मालिकाना हक दिया, लगभग 31 लाख से अधिक ग्रामीण घरों में नल से स्वच्छ पेयजल और पांच हजार 791 गांव में 24 घंटे बिजली देना सुनिश्चित किया।

अनिल विज ने किया किनारा

आबु-धाबी बच्चों के हार्ट प्रॉब्लम्स कांफ्रेंस में नही जाएंगे

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
चंडीगढ़/चंद्रशेखर धरणी

गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने 2 से 4 नवंबर तक आबु-धाबी बच्चों के हार्ट प्रॉब्लम्स कांफ्रेस में नही जाएंगे।9 से 10 नवंबर को पंचकूला में होने वाले आयुष विभाग के क्षेत्रीय स्तर के कार्यक्रम में भी नही शामिल होंगे। हरियाणा में आजकल अटकलों और चर्चाओं के बाजार पूरी तरह से गर्म नजर आ रहे हैं। यह चर्चाएं और अटकलें पैदा करने वालों ने फिलहाल हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्रालय अनिल विज से लेकर डॉ0 कमल गुप्ता को देने का प्रचार खूब जोर-शोर से कर रखा है तथा शहरी निकाय विभाग जो इस वक्त डॉक्टर कमल गुप्ता के पास है वह विज को दिया जाना इसी कड़ी का हिस्सा है। गौरतलब है कि 5 अक्टूबर से प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज स्वास्थ्य मंत्रालय की कोई भी फाइल नहीं निकल रहे हैं। जैसा कि सर्वविधित है कि किसी भी प्रदेश में मंत्रालयों के फेरबदल का अधिकार केवल मुख्यमंत्री के पास होता है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल विज अंबाला छावनी से छठी बार विधायक बने हैं और हरियाणा के सबसे सीनियर मोस्ट विधायकों में अनिल विज का नाम आता है। मनोहर सरकार पार्ट वन में भी विज कैबिनेट मंत्री थे और अब मनोहर पार्ट 2 में दूसरी बार फिर से कैबिनेट मंत्री बनाए गए। चली चर्चाओं के अनुसार प्रदेश के गृहमंत्री अनिल विज के संघर्ष का एक लंबा अतीत रहा है।

अनिल विज क्यों कहे जाते हैं दरी वाले बाबा

अन्य दलों की प्रदेश में सरकार के दौरान जब भाजपा के प्रदेश में मात्र दो - चार ही विधायक हुआ करते थे, उस वक्त जनता के हितों की हमेशा लड़ाई अनिल विज को लड़ते देखा गया। उस दौरान अनिल विज की कार में सदा एक दरी रहा करती थी, जिसे आवश्यकता पढ़ने पर अनिल विज कहीं भी बिछाकर धरने- विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया करते थे। उनकी लोकप्रियता के कारण यह धरने प्रदर्शन एक विकराल रूप लेते देखे गए थे। चर्चा है कि आज भी यह दरी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री की निजी कार में रखी होती है। आईएएस अशोक खेमका के पक्ष में एक बार अनिल विज ने हरियाणा राज्यपाल निवास के बाहर भी दरी बिछा दी थी। हालांकि प्रदेश के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज फिलहाल ऐसे किसी भी मामले पर कोई भी टिप्पणी करने से बच रहे हैं।

आठ सालों में भी नहीं बदली तालाब की दशा

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
तरावड़ी/वीरेंद्र जांगड़ा

तरावड़ी के पृथ्वी राज चौहान के किले के ठीक सामने पड़े गंदे पानी के गंदे तालाब के सौंदर्यकरण को जो वादा आठ साल से नपा की ओर से किया जा रहा है वह आज तक पूरा तो नही हुआ और नगरपालिका अब अगले सप्ताह इसके सौंदर्यकरण का काम शुरू होने का दावा कर रही है, लेकिन आम आदमी को अब इस तरह के दावों पर विश्वास नही रहा। हालांकि नगरपालिका ने दो माह पहले ही इस काम का टेंडर देने की बात कही थी। आठ एकड के इस तालाब में सालों से गंदगी लबालब भरी हुई है और उससे उठने वाली बदबू से लोग बड़ी परेशानी में है और लगातार इसके कायापलट की मांग कर रहे है। नगरपालिका ने कभी इसमें थ्री पौंड सिस्टम तो कभी पार्क बनाने की योजना बनाई, लेकिन योजना सिरे नही चढ़ी। परंतु इस बार पंचकुला से ही ड्राइंग बनकर आई है उसी के अनुरुप नगरपालिका ने एक करोड़ 13 लाख का टेंडर लगाया। टेंडर में सबसे कम रेट वाले ठेकेदार के रेट अप्रुवल के लिए भेजे गए। पत्ता चला है कि इसी सप्ताह एस सी

करनाल लोकनिर्माण ने अप्रुव किया है। इसके साथ काम शुरू होने की संभावनाएं भी प्रबल हो गई है। नपा की जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत इस तालाब के सौंदर्यकरण के तहत इसमें चारों तरफ छह-छह फूट के फुटपाथ बनाया जाएगा जिस पर शहर के लोग सुबह शाम सैर सपाटा कर सके। इसके अलावा लोगों के मनोंरजन व व्यायाम आदि के लिए कई साधन भी उपलब्ध करवाएं जाएंगे। तालाब के बीच सुंदर पौडियां बनाकर पानी का पौंड बनाया जाएगा और वह पानी साफ रहे इसके लिए पानी फिल्टर के लिए मशीन भी लगाई जाएगी। अब नपा के दावें व सच्चाई को जानने के लिए एक सप्ताह का ओर इंतजार आम जनता को करना होगा। इस बारे में नगरपालिका सचिव अशोक कुमार ने बताया कि टेंडर लेने वाली एजेंसी एवीएस बिल्डर्स के रेट अप्रुव हो चुके है और अगले तीन या चार दिन मे नपा ठेकेदार को वर्क परमिट देंगी। जिसके तुरंत बाद काम शुरू हो जाएगा। काम के लिए समय की पाबंदी सिस्टम में ही आएगा जो वर्क परमिट देने के बाद ही पत्ता चलेगा।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: शांति कॉम्पलैक्स, प्रथम मंजिल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सामने सिविल अस्पताल, अंबाला कैंट-133001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	सौरभ शर्मा (ऋणदाता) शक्ति शर्मा (सह-ऋणदाता) Loan Account No. LHAMB00001422789 & LHAMB00001422797	खेवट नं.23 में प्लाट, खतौनी नं. 23, खसरा नं. 1/24/2, 3//4/1 किते 2 बीइंग 1121/16200 वाका रकबा मौजा चंदाखेड़ी एच.बी. नं. 300 तहसील बिलासपुर, जिला यमुनानगर में स्थित।	रु. 22,95,706/- 26, अक्टूबर 2023	रु. 16,57,949/- / रु. 1,65,800/-	21 नवम्बर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	12 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com)** पर आयोजित की जाएगी।
गिरवी रखने वालों को नोटिस **11 दिसंबर , 2023 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, शांति कॉम्पलैक्स, प्रथम मंजिल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सामने सिविल अस्पताल, अंबाला कैंट-133001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 11 दिसंबर 2023 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और निविदा दस्तावेजों के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, शांति कॉम्पलैक्स, प्रथम मंजिल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सामने सिविल अस्पताल, अंबाला कैंट-133001** में या **11 दिसंबर , 2023 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **यमुनानगर** में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 022-69974300** या अन्य **सेल्ज एंड मार्केटिंग पार्टनर NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: नवम्बर 02, 2023
स्थान: यमुनानगर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	विनोद कुमार (ऋणदाता) अरुण कुमार (सह-ऋणदाता) सुशील कुमार (सह-ऋणदाता) चरण दास (सह-ऋणदाता) Loan Account No. NHKTL00001262840/ & NHKTL00001262841	सम्पत्ति आईडी 155सी106यू105, प्लाट नं. 22 23, वार्ड नं. 22, 23 वार्ड नं. 23, खेवट नं. 23, खेवट नं. 69/154, 69/154, मुरब्बा नं. 93//10/2, 11/1, 94//7/1,6, 14/2, 15,किते 2, न्यू पियोडा रोड, शास्त्री 93//10/2, 11/1, 94//7/1, 6, 14/2, 15, किते 2, न्यू पियोडा रोड, शास्त्री नगर/पटेल नगर, वाका पट्टी गदरह , तहसील कैथल, हरियाणा।	रु. 1,93,71,787/- 28, अक्टूबर 2023	रु. 94,28,400/- / रु. 9,42,840/-	06 नवम्बर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	21 नवंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com)** पर आयोजित की जाएगी।
गिरवी रखने वालों को नोटिस **20 नवंबर , 2023 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 20 दिसंबर 2023 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और निविदा दस्तावेजों के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001** में या **20 दिसंबर , 2023 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **कैथल** में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 022-69974300** या अन्य **सेल्ज एंड मार्केटिंग पार्टनर NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: नवम्बर 02, 2023
स्थान: कैथल

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड